SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
...a joint venture with GONCTD

जुलाई – अगस्त 2012

65वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

बेहतर पर्यावरण के लिए बीवाईपीएल देगी पेडी कैब्स को बढ़ावा

बीवाईपीएल अब पर्यावरण के लिए लाभदायक, 100 प्रतिशत धुआंरहित पेडी कैब्स को बढ़ावा देने जा रही है। इस सिलसिले में, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, बीवाईपीएल ने एचबीएल पावर सिस्टम्स लिमिटेड के साथ एक दूरगामी समझौता किया है। इसके तहत, बीवाईपीएल, बैटरी से चलने वाली इन पेडी कैब्स को मामूली कीमतों पर चार्जिंग पोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

नामी राष्ट्रीय रिसर्च एंड डिवेलपमेंट लेबोरेटरी – सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट यानी सीएमईआरआई के माध्यम से, इन ईको–फ्रेंडली पेडी कैब्स को डिजाइन और प्रमोट किया है, सीएसआईआर यानी कांउसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ने।

एचबीएल सोलेक्शो पेडी कैब्स के नाम से ये वाहन जल्द ही पूर्वी और मध्य दिल्ली की सड़कों पर दौड़ते नजर आएंगे। फोटोग्राफ में बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन और एचबीएल सिस्टम्स के श्री अमरीक सिंह संधु नजर आ रहे हैं।

मूक–बधिर उपभोक्ताओं से संवाद के लिए सीखी मूक भाषा

मूक–बधिर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आपकी बिजली कंपनी ने एक सराहनीय कदम उठाया है। इसके तहत, कंपनी ने अपने सभी 14 डिविजनों के कस्टमर केयर ऑफिसर्स को मूक–भाषा में प्रशिक्षित कराया है, ताकि वे इन उपभोक्ताओं से बेहतर तरीके से संवाद कर पाएं।

प्रशिक्षण के लिए बीवाईपीएल ने 14 सालों से इस क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ डेफवे से हाथ मिलाया था। प्रशिक्षण के दौरान कस्टमर केयर अधिकारियों को न सिर्फ मूक भाषा का प्रशिक्षण दिया गया, बल्कि यह भी बताया गया कि मूक–बधिर लोगों से संवाद करते समय किन बातों व संवेदनाओं का खास ध्यान रखा जाना चाहिए।

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें–
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110092
अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या
कॉल +91 11 300–99–999

बीवाईपीएल नेटवर्क के विस्तार से क्षेत्र में 100% विद्युतीकरण

क्रमांक	मद	नेटवर्क 2012–13	नेटवर्क 2002–03	पिछले 10 वर्षों मे कुल जुड़ाव	% वृद्धि
1	ग्रिडों की संख्या	50	40	10	25
2	पावर ट्रांसफार्मरों की संख्या	137	98	39	40
3	ईएचवी क्षमता (एमवीए)	2884	1863	1021	55
4*	ईएचवी केबल लेंथ/लाइन लेंथ बिछाई गई (किमी)	745	363	382	105
5	66 और 33 केवी फीडर्स की संख्या	144	89	55	62
6	शंट् कैपेसिटर्स (एमवीए)	932	573	359	63
7	डिस्ट्रिब्युशन ट्रांसफार्मरों की संख्या	3271	2657	614	23
8	डिस्ट्रिब्युशन ट्रांसफार्मरों की क्षमता (एमवीए)	2327	1704	623	37
9	11 केवी फीडर्स की संख्या	723	476	247	52
10**	11 केवी केबल बिछाई गई (किमी)	1770	1303	467	36
11#	11 केवी लाइन बिछाई गई (किमी)	249	145	104	72
12	एलटी फीडर्स की कुल संख्या	13280	10193	3087	30
13##	एलटी लाइन्स् बिछाई गई (किमी)	5558	4589	969	21

नोट

* पिछले 10 वर्षों में बीवाईपीएल ने 382 किमी की ईएचवी केबल लेंथ/ लाइन लेंथ बिछाई जोकि करीब दिल्ली से अजमेर की दूरी 389 किमी जितनी है

** पिछले 10 वर्षों में बीवाईपीएल ने 11 केवी का 467 किमी केबल डाला जोकि दिल्ली से बीकानेर की दूरी – 460 किमी – से ज्यादा है

पिछले 10 वर्षों में बीवाईपीएल ने 11 केवी के 104 किमी केबल को जोडा जोकि दिल्ली से मेरठ आने – जाने की दूरी (एक ओर से 65 किमी) के लगभग है

पिछले 10 वर्षों में बीवाईपीएल ने 969 किमी की एलटी लाइन को जोड़ा जोकि दिल्ली से अहमदाबाद की दूरी 915 किमी से अधिक है।

बीवाईपीएल का लक्ष्य – बिजली सबके लिए

अपनी 10वीं सालगिरह पर हम अपने 12.3 लाख ग्रहकों का, उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद करते हैं। उनके सहयोग की बदौलत ही हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

बारिश का आनंद लें, पर सावधानी बरतें

मॉनसून के दौरान हम आपको सुरक्षित देखना चाहते हैं। बारिश के मौसम में ये सामान्य सावधानियां बरतें:

- जिन जगहों पर पानी जमा हो, वहां बच्चों को न खेलने दें
- सूखे हाथों से बिजली के उपकरणों को छुएं
- घर में एक टेस्टर जरूर रखें। अगर आपके घर की दीवार या स्विच आदि गीले हों, तो इन्हें न छुएं। पहले टेस्टर का इस्तेमाल करें और देखें कि कहीं करंट तो नहीं आ रहा है। अपने इलेक्ट्रिशियन से कहकर घर की वायरिंग चेक करवाएं।

निर्बाध बिजली के लिए बीवाईपीएल प्रतिबद्ध

बीवाईपीएल आपको निर्बाध व विश्वसनीय बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। फिर भी कभी कभार बाहरी करणों – जैसे लो फ्रिक्वेंसी, पड़ोसी राज्यों द्वारा ज्यादा बिजली खींचने आदि की वजह से यहां बिजली की समस्या हो सकती है। यदि पूर्वी और मध्य दिल्ली में आपको बिजली की कोई दिक्कत हो, तो हमारे चौबीसों घंटे व सातों दिन काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 399 99 808 पर फोन करें या फिर अपने निकटतम सहायता केंद्र से संपर्क करें। छोटी दिक्कतों का समाधान 2 घंटे के अंदर कर दिया जाता है और केबल व ट्रांसफॉर्मर में खराबी संबंधी समस्या का समाधान डीईआरसी द्वारा निर्धारित समय 8 घंटे के भीतर कर दिया जाता है।